अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक

जयपुर| मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत अभ्यर्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी आवेदन के लिए एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स और नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों में कोचिंग कराने के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख प्रति वर्ष से कम हो तथा जिनके माता-पिता राज्य सरकार के कार्मिक होने पर पे मेट्रिक्स का लेवल 11 तक का वेतन प्राप्त कर रहे हो वे इस योजना के नियमानुसार पात्र होंगे।

SKResult.Com